हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

13 कौशल विकास यात्रा पहुंची प्रशिक्षण केंद्र



14 छात्रों ने की स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई





## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी और देशी शराब जब्त, दो पर कार्रवाई



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने 27 सितंबर को बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम–डोंगरा में आरोपी अमित अवधेलिया के कब्जे से 45 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त किया। इसी प्रकार ग्राम तिल्दा में आरोपी सुरेश कुमार डहरिया के कब्जे से 25 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब एवं 3.96 बल्क लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की मदिरा जब्त की गई। उक्त कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम नगर सैनिक राजकुमारी पैंकरा, चिंतामणी डहरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### महुआ शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** अवैध शराब बिक्री पर दो जगहों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए बसना थाना पुलिस द्वारा महिला सहित दो लोगों को पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक सरिता साण्डे पति स्व सुशील साण्डे 32 साल साकिन बरबसपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला में रखे प्लास्टिक बाटल में 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रूपए को जप्त कर 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** नदी मोड़ घोड़ारी में ट्रक की ठोकर से एक बाइक चालक की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार शाम की है। सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार विरेन्द्र गेन्ड्रे पिता भागवत गेन्ड्रे 28 वर्ष साकिन नांदगांव पारिवारिक काम से मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीबी 9744 से सोनासिल्ली रिश्तेदार के घर गया था, जहां से वापस आने के दौरान घोड़ारी स्थित बाबे दा ढाबा के पास पहुचा था कि विपरित दिशा से आ रही ट्रक क्र. ओडी 07 एएच 3886 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मृतक विरेन्द्र गेन्ड्रे के सिर ,कमर में गंभीर चोट लगने से डायल 112 वाहन की मदद से जिला अस्पताल महासमुंद लाया गया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# जानलेवा होता है रेबीज, टीका लगवाना ही है बचाव का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में विश्व रेबीज दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों सहित स्कूलों में लोगों को रेबीज के प्रति जागरुक एवं सावधानी बरतने के संबंध में अपील की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की देश में प्रतिवर्ष लगभग 20 हजार लोगों की मौत रेबीज से हो जाती है, जिसमें से 97 प्रतिशत केस संक्रमित कुत्ते के काटने से होता है। रेबीज एक जानलेवा रोग है यदि इसका टीका नहीं लगवाया गया और लक्षण प्रकट हो गए तो मरीज की मृत्यु हो जाती है। नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी के अनुसार संक्रमित जानवर के काटने पर रेबीज के लक्षणों में बुखार, सरदर्द, थकान, पश्चात श्वशन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, पाचन तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। मरीज को हवा, पानी प्रकाश से भय लगता है और वह कोमा में चला जाता है, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो जाती है। रेबीज से बचाव हेतु जानवर के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोए, फिर एंटीसेप्टिक लगा कर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर एंटी रेबीज टीका लगवाएं। क्योंकि संक्रमित जानवर के संपर्क में आने के बाद यदि लक्षण दिख गए तो इलाज संभव नहीं है, इसलिए यह टीका लगवाना जरूरी है।

## विश्व रेबीज दिवस पर लोगों को जागरूक और सावधानी बरतने किया जागरूक



### पालतू जानवर को टीका लगवाएं

टीका का पूरा डोज लेना अनिवार्य है। पहले लगने वाले 14 इंजेक्शनों के बजाय आजकल मांसपेशियों में लगने वाला पांच टीका जिसे 0, 3, 7, 14 और 28 वें दिन लगाया जाता है अथवा त्वचा में लगने वाला चार टीका जिसे 0, 3, 7 और 28 वें दिन लगाया जाता है पूर्णत सुरक्षित और असरकारक है। किसी प्रकार के अंधविश्वास के झांसे में आ के झाड़– फूंक की गतिविधियों से दूर रहें। घर में यदि पालतू जानवर है तो उसे टीका लगवाएं। यह टीका शासकीय अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा ने बताया की जिले में वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक भाटापारा में 596, बलौदाबाजार में 726, सिमगा में 640, पलारी में 365 और कसडोल में 326 कुत्ते काटने के प्रकरण सामने आए। वर्ष 2023 में जिले में ऐसे कुल केस 3486 के थे, जो इस वर्ष अब तक 2653 हैं। यदि आपके जानवर में रेबीस जैसे लक्षण दिखाई दे तो तुरंत अपने नजदीकी पशु चिकित्सक नग पालिका के अधिकारी को सूचित करें।

## सियासत : मां महामाया की पूजा के बाद लवन से निकाली न्याय पदयात्रा

# कांग्रेस की न्याय यात्रा पहुंची रोहांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर कांग्रेस की न्याय पदयात्रा 27 सितम्बर को गिरोधपुरी से प्रारंभ हुई। 35 किलोमीटर पद यात्रा करने के बाद लवन में रात्रि विश्राम किया, 28 सितंबर को सुबह लवन में मां महामाया का दर्शन करने के बाद मेन रोड स्थित बाबा गुरु घासीदास जैतखाम की पूजा अर्चना कर पदयात्रा प्रारंभ हुई। न्याय यात्रा के पहले लवन में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में आम लोगों पर अत्याचार एवं बलौदाबाजार में हुई घटना के निर्दोष लोगों को रिहा करने के लिए यह पदयात्रा प्रारंभ की गई है। विधायक संदीप साहू ने कहा कि कांग्रेस की पदयात्रा प्रदेश के जनता को न्याय दिलाने के लिए रखी गई है। पदयात्रा में प्रदेशभर से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता महिला कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई युवा कांग्रेस सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### सरकार के अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की है ललकार



**पलारी।** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा द्वितीय दिवस लवन से बगबुड़ा, धाराशिव, कुम्हारी, सलौनी होते हुए रोहासी में शाम 6 बजे समापन हुआ। यात्रा रविवार सुबह 8 बजे से रोहासी से निकलेगी, जिसका समापन भैंसा में होगा। विदित हो कि 6 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा प्रदेश के कई जिलों से गुजरेगी। यात्रा का समापन 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के गांधी मैदान में होगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान की यात्रा है। भाजपा सरकार के अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की ललकार है। छत्तीसगढ़ जल रहा है हत्या, लूट, चाकूबाजी, महिलाओं के खिलाफ अपराध और डकैती की घटनाएं लगातार हो रही हैं। लोग डर के साये में जी रहे हैं। दीपक बैज ने कहा कि यह यात्रा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन है। न्याय यात्रा में द्वितीय दिवस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक संदीप साहू, कविता प्राण लहरे, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# आनलाइन ठगी के दो आरोपी हरियाणा रोहतक से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



प्रधानमंत्री जनधन मुद्रा योजना में आनलाइन लोन देने के नाम पर 76 लाख से अधिक की ठगी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने हरियाणा के रोहत से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी करना स वीकार किया।

इस पर पुलिस द्वारा धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में टीम बनाकर रोहतक हरियाणा रवाना किया गया, जहां अनेक बैंक खातों की जांच, मोबाइल नम्बरों के विश्लेषण एवं कई स्थानों में संदेहियों की पतासाजी पश्चात प्राथी से ठगी करने वाले आरोपी मनोज कुमार पिता मुरारी लाल 66 वर्ष पारस मोहल्ला काट बड़ाबाजार पुलिस चौकी किला रोड थाना सिविल लाइन रोहतक तथा दिनेश नागपाल पिता भगवान दास 55 वर्ष बजरंग भवन मंदिर झग कॉलोनी रोहतक हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा दिल्ली के लोगों से जनधन मुद्रा आनलाइन लोन देने के नाम पर ठगी करना बताया गया।

### 76 हजार से अधिक की ठगी की शिकायत

पुलिस ने बताया कि, प्रधानमंत्री जनधन मुद्रा आनलाइन लोन देने के नाम पर 76 हजार से अधिक की ठगी होने की शिकायत प्रार्थी फूलसाय पंकज निवास देवरबोड़ द्वारा दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने बताया कि पिछले वर्ष 13 जुलाई को आरोपियों ने फोन कर प्रधानमंत्री जनधन मुद्रा में दो लाख का ऑनलाइन लोन देने कि बात कहते हुए प्रलोभन देकर प्रोसेसिंग चार्ज एवं अन्य शुल्क के नाम पर 19 किस्तों में कुल 76808 रुपए फोन पे तथा नगदी रकम खाते में ट्रांसफर करवा लिया। प्रार्थी को लोन नहीं मिलने और धोखाधड़ी का आभास होने पर बिलाईगढ़ पुलिस थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी।

# शिविर में बने जाति, निवास और आय के 465 प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

संकुल स्त्रोत केंद्र बनसांकरा में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। सिमगा राजस्व विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बनसांकरा में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनवाने शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड शिक्षाअधिकारी एसके गेंदले, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह तथा ढाल सिंह ठाकुर एवं संकुल प्राचार्य राम कुमार ध्रुव, राजस्व अमला से नायब तहसीलदार दिलीप कुमार खांडे एवं विभिन्न हलकों से पटवारी केदारनाथ टंडन, बनसांकरा गायत्री सोनी दामाखेड़ा, राजेश चंदेल दरचुरा, मिलन दास कोशले चौरेंगा, शंकर लाल बांधे तुलसी, अंजू बाजपेयी ▶▶ शेष पेज 13 पर

# कार-बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



■ न्याय यात्रा से लौट रहे कांग्रेस नेता ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

रायपुर–बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर कोदवा के पास एक कार और बाइक में भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना उस समय की है जब कांग्रेस नेता आशिफ मेमन न्याय यात्रा से लौट रहा था। इसी दौरान उन्होंने सड़क किनारे भीषण हादसे में एक घायल युवक को देखा और तुरंत अपनी गाड़ी रोककर मानवता का परिचय देते हुए उसे अस्पताल पहुंचाने मदद किया और एंबुलेंस से घायल युवक को पलारी अस्पताल लेकर पहुंचे, मगर अस्पताल पहुंचते ही युवक की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि बाइक और कार के बीच हुई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार ससहा निवासी युवक देवनाथ साहू 26 गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे कांग्रेस नेता आसिफ मेमन और उनके साथियों ने तुरंत घायल युवक को एंबुलेंस से पलारी अस्पताल पहुंचाया, मगर उपचार के पहले ही युवक की मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर मिली जानकारी के अनुसार घर का इकलौता चिराग बुझ गया है, साथ ही माता पिता कमाने खाने हैदराबाद गए हैं। वहीं मृतक के दो बच्चे भी है।

# कर्मचारी फेडरेशन के आंदोलन में शामिल हुए ब्लॉक के शिक्षक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर शनिवार को एक दिवसीय काम बंद कलम बंद आंदोलन में पलारी विकास खण्ड के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुईं। सर्व हितार्थ मांगों के लिए अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सर्व–हितार्थ आंदोलन में शामिल होने आभार प्रकट करते हुए भविष्य में होने वाले सभी आंदोलनों में अपनी सहभागिता बनाये रखने की अपील की।

## कलेक्टर ने निरीक्षण कर लिया जायजा, कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

# जिले को अत्याधुनिक आडिटोरियम की सौगात जल्द


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय स्थित आडिटोरियम में पहुंचकर जिलाधीश ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बचे हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जा रहे आडिटोरियम में धीमी गति पर चले रहे कार्यों पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए बचे हुए कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साउंड सिस्टम एवं बचे हुए चेयर को 7 दिनों के भीतर ठीक करने कहा। गौरतलब है कि नगर के रायपुर रोड स्थित अम्बेडकर चौक के पास बन रहे आडिटोरियम शहर की एक नयी पहचान होगा। उक्त आडिटोरियम जिले का सबसे बड़ा आडिटोरियम होगा। यह लम्बे समय से जिलेवासियों की महत्वपूर्ण मांगों में शामिल था। उक्त आडोटोरियम में 1 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी, जो कि पूर्णतः वातानुकुलित होगा। इसके अतिरिक्त आडोटोरियम में 2 वीआईपी कक्ष, डायनिंग हॉल सहित फायर फाईटिंग सिस्टम से लैस है, जिसका उपयोग जिलावासी एवं सामाजिक संगठन आने वाले समय में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उपयोग कर सकते हैं। आडिटोरियम के कार्य भी अंतिम चरण में फिनिसिंग के कार्य किया जा रहा है। इसकी सुन्दरता को बढ़ाने के लिए बाउण्ड्रीवाल भी अलग से बनाई जा रही है, जो कि मेंटेनेस आधारित होगा। उक्त स्थल में पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। आडिटोरियम के सुचारू संचालन एवं रख रखाव के लिए कलेक्टर ने एसडीएम बलौदाबाजार को समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। उक्त निरीक्षण के ईई पीडब्ल्यूडी टीसी वर्मा, एसडीओ नायक, सब इंजीनियर विभाकर जोशी सहित ईएंडएम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### ग्रंथालय में जल्द मिलेगी वाई फाई की सुविधा

**बलौदाबाजार।** नगर स्थित जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण कर जिलाधीश ने सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रंथालय में आने वाले छात्रों से पढ़ाई में होने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान छात्र पलक ध्रुव, स्वाति साहू एवं ऋतु साहू ने तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने छात्रों की मांग पर जिला ग्रंथालय में अब फ्री वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इसके लिए संबधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। श्री सोनी ने पुस्तकों को बेहतर व्यवस्थित करने, बैठक व्यवस्था अच्छी करने एवं बाथरुमों की नियमित साफ सफाई के भी निर्देश दिए। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी एवं ग्रंथालय प्रभारी डीके वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



### तंबाकू गुटखा विक्रेताओं के खिलाफ की चालानी कार्रवाई

**भटगांव।** तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की गई। विकासखंड स्तर पर गठित प्रवर्तन दल के माध्यम से पान ठेला, दुकानों, ढाबों पर छापा मारकर तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधान 4 व 6 के उल्लंघन करते पाए जाने पर बिलाईगढ़ विकासखंड के 5 लोगों से 1 हजार बरमकेला के 15 लोगों से 3 हजार जुर्माना ▶▶ शेष पेज 13 पर



## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मनोकामना ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू

**रायपुर।** गोलबाजार स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर नवरात्रि पर्व पर नवग्रह मनोकामना ज्योत का पंजीयन शुरू किया गया है। शनि पुजारी रोहित शर्मा ने यह जानकारी दी। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं।

### सहकारी बैंक की आमसभा में पेश किया लेखा-जोखा



**रायपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 108वीं वार्षिक आमसभा शुक्रवार को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाएं व प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई। आमसभा में उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं एनके चंद्रवंशी, बैंक की सीईओ अपेक्षा व्यास समेत अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। शुरुआत में सहकारी बैंक के संस्थापक स्व. पं. वामन बलीराम लाखे की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद प्राधिकृत अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि बैंक द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में अगस्त माह तक 384049 किसानों को 1657.97 करोड़ रुपए अल्पकालीन ऋण दिया जा चुका है। मध्यकालीन कृषि ऋण के तहत समितियों के माध्यम से नलकूप खनन, सबमर्सिबल पंप, स्प्रिंकलर, ड्रिप एरिगेशन, तार फेंसिंग, भूमि सुधार तथा कृषि उपकरणों के लिए, दीर्घकालीन ऋण के तहत ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं जेसीबी खरीदने के लिए ऋझा उपलब्ध कराया गया है। आमसभा के दौरान बैंक की सीईओ ने वित्तीय स्थिति, लाभ-हानि के विवरण के साथ वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

### स्कूल को दिए दो वाटर कूलर, रोपे पौधे



**रायपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसकेए स्टील एवं पॉवर प्रायवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने उरला क्षेत्र के गोगांव स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पौधारोपण किया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए वाटर हेड टैंक एवं दो वाटर कूलर भी प्रदान किए। एसकेए के जीएम रोहित अग्रवाल, प्रवेश, रोहित, रंजन इस मौके पर मौजूद थे। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. पूरनलाल साहू ने एसकेए स्टील एंड पॉवर द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से जयलाल गेण्डारे ने कंपनी प्रबंधन का आभार जताया। शाला की प्राचार्य उत्तरा ध्रुव एवं तिरीथ रानी वर्मा ने शाला विकास समिति एवं कंपनी के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक संपत सिंह राजपूत ने यह जानकारी दी।

# शराब के नकली होलोग्राम मामले में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्लू ने शुक्रवार को निधी शर्मा, तिवारी की स्पेशल कोर्ट में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। चालान पेश करने के दौरान आरोपी बनाए गए दीपक दुआरी, अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह और दिलीप पांण्डेय को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू ने मामले से जुड़ी 55 पन्नों का कोर्ट में समरी पेश की। ईओडब्ल्यू द्वारा पेश किए गए चालान में सभी की भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि इस घोटाले में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, सिंडिकेट के इशारे पर यह सभी काम करते थे। मामले की अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू पहले ही अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह तथा त्रिलोक सिंह ढिल्लन के खिलाफ पहले ही चालान पेश कर चुकी है। कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि टीम ने शराब घोटाले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर के धनेली स्थित फार्म हाउस में डुप्लिकेट होलोग्राम के कई रोल अधजले हालत में जब्त किए थे। कोर्ट में पेश किए गए चालान में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019 से 2022 तक नकली होलोग्राम लगाकर शराब की बिक्री की गई। इससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

## ईओडब्लू ने चारों आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया

### धनेली स्थित खेत में मिला था नकली होलोग्राम

कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनेली स्थित खेत से नकली होलोग्राम अधजली हालत में बरामद किया है। ईओडब्लू ने जेसीबी की मदद से जमीन में पांच फीट गड्ढा कर होलोग्राम जब्त किया था।


नकली होलोग्रॉम मामले में अनवर, एपी के बाद अब यूपी पुलिस की गिरफ्त में टुटेजा

### इनके इशारे पर होलोग्राम नष्ट

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में पेश किए गए चालान के मुताबिक वर्ष 2022 में ईडी ने शराब घोटाले को लेकर जो छापे की कार्रवाई की थी, इस डर से अनवर ढेबर, अरविन्द सिंह के कहने पर नकली होलोग्राम को नष्ट किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जेसीबी से 5 फीट जमीन खुदवाकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने नकली होलोग्राम जब्त किया।

## बिरगांव निगम के 36 में 10 तालाब अवैध कब्जे से घिरे, कार्रवाई अटकी

# सर्वे में 10 तालाबों के पास कब्जा, निगम एक ही करवा पाया खाली, विस्थापन का भी फंसा पेंच


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में 36 तालाब हैं। इनके सर्वे में पाया गया कि 10 तालाब ऐसे हैं, जो अवैध कब्जे की वजह से उपेक्षित हैं। इनकी सुध इसलिए भी नहीं ली जा रही, क्योंकि विस्थापन का पेंच फंसा है। इसे देखते हुए निगम के जिम्मेदार अवैध कब्जा हटाने के बजाय अभी उन्हीं तालाबों की सुध ले रहे हैं, जिनका सौंदर्यीकरण करवाने के लिए शासन से बजट मिला है। यही कारण है कि चिन्हांकित 10 में से एक तालाब को ही कब्जा मुक्त करवा पाए हैं।

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम के तालाबों को बुरा हाल है। कई तालाब ऐसे हैं, जिनके अंदर भी लोगों ने मकान बना लिया है। इसे देखते हुए शासन ने सर्वे करवाने के बाद प्रदेश के ऐसे सभी तालाबों को एक-एक करके कब्जा मुक्त कराने के लिए संबंधित निगमों को दिशा-निर्देश दिया है। इसमें बिरगांव निगम के 10 तालाब भी शामिल हैं। तालाबों का जायजा लेने पर पाया गया कि अभी निगम के जिम्मेदार सिर्फ एक तालाब को ही कब्जा मुक्त करवा पाए हैं। ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि निगम के पास विस्थापन देने के लिए पर्याप्त बीएसयूपी मकान भी नहीं हैं। इसके कारण अभी कार्रवाई भी अटकी हुई है।

## विस्थापन के लिए निगम के पास आवास भी नहीं, इसलिए दिक्कत





फाइल फोटो

### जिन तालाबों में काम होगा..

निगम सूत्रों ने बताया कि अभी पहली प्राथमिकता में उन्हीं तालाबों को शामिल किया गया है, जिनका कायाकल्प करने के लिए शासन ने फंड मिला है। इसके अलावा बचे हुए तालाबों को कब्जा मुक्त कराने के लिए सबसे पहले बीएसयूपी मकानों का निर्माण कराना पहली प्राथमिकता है। इसके चलते बचे हुए तालाबों की सुध निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। अभी तक सिर्फ मोती सागर तालाब को ही कब्जा मुक्त किया गया है। बुधवारी बाजार के पास स्थित इस तालाब में सौंदर्यीकरण होगा।

- शासन ने सर्वे करवाने के बाद प्रदेश के ऐसे सभी तालाबों को एक-एक करके कब्जा मुक्त कराने के लिए संबंधित निगमों को दिया है दिशा-निर्देश

### प्लानिंग के बाद कार्रवाई

अभी उन्हीं तालाबों को कब्जा मुक्त किया गया है, जहां पर काम करवाने के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। बचे हुए तालाबों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए कार्रवाई से पहले प्लानिंग की जा रही है।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### इन तालाबों के पास कब्जा

शासन द्वारा जारी की गई सूची में धाप तालाब, डोंगिया तालाब, ब्यास तालाब, मटखनदा तालाब, दर्री तालाब, दंतेश्वरी खदान तालाब, मोती सागर तालाब, बंधवा तालाब, बिरइन तालाब और लटर्रा तालाब प्रमुख है। इनमें एक से ही कब्जा हटाया गया है। जिम्मेदार कब्जा मुक्त इसलिए भी नहीं करवा पाए हैं, क्योंकि प्रभावित होने वालों के लिए विस्थापन की प्लानिंग नहीं है। खदान डबरी तालाब से जिन परिवारों को हटाना है उन्हें निगम ने नोटिस देने के बाद कार्रवाई ठप है।

## अंतिम दिनों में सक्रिय हुआ मानसून

# शहर में मध्यम उत्तरी हिस्से में भारी रूप से बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के सीजन के अंतिम दिनों में प्रदेश में मानसून की सक्रियता नजर आई। सरगुजा सहित प्रदेश के उत्तरी हिस्से में 21 सेमी. तक अतिभारी वहीं मध्य तथा दक्षिण में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहा। शहर में दिनभर काले बादल छाए रहे जो रूक-रूककर बरसते रहे। 30 सितंबर को सीजन पूरा होगा जिसमें राज्य का कोटा फुल हो चुका है मगर 13 जिलों में स्थिति माइनस बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि शनिवार को बारिश की गतिविधि में थोड़ी कमी आएगी मगर मानसून की सक्रियता अभी कम नहीं होगी। आने वाले दिनों में तैयार होने वाला सिस्टम पुनः बारिश का कारण बनेगा। पिछले दो दिन से प्रदेश में मानसून की सक्रियता नजर आ रही है खासकर उत्तरी हिस्से में इसकी वजह से खासी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग में होने वाली अतिभारी बारिश से आवागमन तक बाधित हुआ है। इसी तरह रायपुर समेत प्रदेश में काले बादल छाए रहे जो थोड़े अंतराल में बरसते रहे। अभी एक द्रोणिका दक्षिण गुजरात से उत्तर पश्चिम विहार तक विस्तारित है। 28 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



- शहर में दिनभर छाए रहे बादल, होती रही हल्की से मध्यम बारिश
- 30 सितंबर के पूरा होगा सीजन, राज्य का कोटा फुल, 13 जिले माइनस में

### सितंबर में बरसे 250 मिमी.

राज्य में एक सितंबर से लेकर 26 सितंबर की स्थिति में 250 मिमी. बारिश हुई है। रायपुर जिले की औसत वर्षा 235 की तुलना में अब तक 219 मिमी. वर्षा हो चुकी है। सरगुजा जिले में इसे बार 387 मिमी. बारिश हुई है जिसे मिलाकर कुल आंकड़ा 702 तक पहुंचा है जो सामान्य से 39 प्रतिशत कम है। वर्तमान में पांच जिलों में वर्षा की बड़ी कमी है इसके साथ ही रायपुर, बिलासपुर समेत आठ जिलों में 2 से 19 फीसदी की कमी बनी हुई है।

# वन कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 5 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का पांच अक्टूबर को चुनाव संपन्न होगा। नामंकन दाखिल करने की आखरी तारीख शनिवार को है, नामंकन वापसी भी इसी दिन होगा। कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर कर्मचारियों में काफी उत्साह देखा गया है। वन कर्मचारी संघ अलग-अलग पैनल बनाकर चुनाव में अपने प्रत्याशी तो चुनाव लड़ा रहे हैं।

वन कर्मचारी नेता संतोष समंत राय, पवन पिल्लै, विनोद मिश्रा, मनीष कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश के सबसे बड़े राज्य के पांचों संभागों से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए हो रहे है इस चुनाव में युवा प्रत्याशी अजित दुबे सबसे प्रबल दावेदारी कर रहे हैं। इनके चनावी एजेंडे जैसे वेतन वृद्धि, सेटअप मे परिवर्तन, वसूली प्रथा को समाप्त करना, कर्मचारियों के आवास सुविधाएं, प्रांत का हेड क्वार्टर रायपुर मे होना, प्रमोशन मे तेजी लाना,आदि मुद्दे को भारी जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। निर्वाचन अधिकारी के रूप में कमल वर्मा कार्य करेंगे। चुनाव को लेकर कर्मचारियों में अपने नये नेता को लेकर उत्साह और सरगर्मी का माहौल बना हुआ है। वनकर्मचारी संघ के चुनाव में नौ हजार 110 सदस्य मतदान में शामिल होंगे। मतगणना का कार्य चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन होगा और देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।



- संगठन के नौ हजार सदस्य करेंगे मतदान
- आज नामांकन भरने की आखिरी तारीख
- चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे

# गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट का आरोपी टीआई सेवा से बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत्त होकर गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर महिला कर्मचारी को धमकाने तथा हॉस्टल में छेड़खानी करने के आरोपी टीआई राकेश चौबे को आईजी अमरेश मिश्रा ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। गौरतलब है, हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने, छेड़खानी करने के आरोपी टीआई को कोर्ट ने कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है।

राकेश चौबे के खिलाफ अजाक थाना में दर्ज अपराध क्र. 04/2023 आईपीसी की धारा 451, 294, 323(दो बार), 506 बी, 354 ए तथा अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को आईजी ने संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को निरीक्षक राकेश चौबे को नैतिक अधःपन का द्योतक एवं लोकहित में शासकीय सेवा में रखने योग्य नहीं पाये जाने पर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1996 एवं पुलिस रेग्युलेशन के प्रावधान के अंतर्गत ''सेवा से पदच्युत'' करने आदेश जारी किया है।

- टीआई का लाइन में तैनात आरक्षक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ था
- हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने छेड़खानी करने के आरोपी टीआई को कोर्ट ने कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई

### पुलिस लाइन में की थी बदसलूकी

पिछले दिनों पुलिस लाइन में टीआई द्वारा लाइन में तैनात एक आरक्षक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में टीआई द्वारा पुलिस लाइन के डीएसपी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। लाइन के आरक्षक ने राकेश चौबे द्वारा अपने साथ की गई अभद्रता की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

# टेस्टिंग में देर, धरसींवा के ग्राम नगर में एक माह से पानी सप्लाई नहीं, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


फाइल फोटो

धरसींवा ब्लाक के नगर गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम खत्म हुए कई महीने बीत चुके हैं। इसके बाद भी गांव में नई पाइप लाइन से सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इसके कारण पिछले एक महीने से गांव के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या से परेशान गांव के लोग इस संबंध में सरपंच से लेकर विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके थे, लेकिन इसके बाद भी जब पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो इसकी शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की है।

- कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में शिकायत
- सरपंच से लेकर विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं

### शिकायत पर अधिकारियों में हड़कंप कहा-टंकी टेस्टिंग का चल रहा काम

नगर गांव निवासी खुमेंद्र वर्मा ने कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में गांव में एक माह से जल जीवन मिशन अंतर्गत लगाए गए नलों से पानी नहीं आने की शिकायत की है। इस शिकायत में उन्होंने बताया कि पानी टंकी का निर्माण कब से हो चुका है। इसके बाद भी गांव के किसी भी घर में नल से पानी नहीं आ रहा है। इसके कारण पूरा गांव परेशान है। इस शिकायत पर कलेक्टोरेट से विभागीय अधिकारियों को फोन जाते ही हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने हालही में ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो के प्रगति की समीक्षा की थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जहां काम पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें। कलेक्टोरेट से जब संबंधित गांव क्षेत्र के विभागीय अधिकारियों के पास फोन गया तो उनमें हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने पानी टंकी की टेस्टिंग कार्य का हवाला देते हुए कहा है कि टेस्टिंग का कार्य खत्म पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि जिले के कई गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने से लेकर पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी उन गांवों में पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। ज्यादातर मामले में टेस्टिंग की बातें ही सामने आ रही है।

# एमआईसी सदस्यों ने की सफाई, उठाया कचरा



रायपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के जोन-5 स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा हिंद स्पोर्टिंग मैदान ईदगाहभाठा में सफाई श्रमदान किया गया। इस दौरान कचरा उठाकर नगर निगम के एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, जोन-5 के कमिश्नर विमल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियता रघुमणि प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, नागेश रामटेके, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, आमजनों, निगम जोन-5 के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता कायम कर जन-जन को स्वच्छ मैदान का सकारात्मक संदेश दिया गया। एमआईसी सदस्य श्री शर्मा ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलाई।

# सौ बिस्तरों का होगा राजधानी का हासिपटल पूरे राज्य में लागू होगी ईएसआईसी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कर्मचारी राज्य बीमा योजना पूरे राज्य में लागू होगी। कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर और कोरबा के अस्पताल की क्षमता पचास से बढ़ाकर सौ बेड की जाएगी। इसके साथ गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा दी जाएगी।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में हुई कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विभिन्न तरह के फैसले लिए गए है। इनमें श्रमिकों को कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के इलाज के लिए औषधालयों से सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा भी मिलेगी। बिलासपुर में सौ बिस्तर के नया अस्पताल के लिए जल्द भूमि उपलब्ध कराया जाएगा। रायपुर एवं कोरबा के अस्पतालों की क्षमता तीन माह में 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने और लारा एवं खरसिया के अस्पतालों को नवंबर माह तक प्रारंभ करने का फैसला किया गया है। भिलाई एवं रायगढ़ के अस्पतालों में मरीजों की भर्ती के लिए वार्ड मेटरनिटी वार्ड, एक्सरे, ऑपरेशन थयेटर तथा लैबोरेटरी की सुविधा प्रारंभ करने, कोरबा और रायपुर के अस्पतालों में आने के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय परिषद, एवं सचिव श्रम विभाग अलरमेलमंगई डी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक महेंद्र भोई, क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सचिव डॉ रचिता विश्वास, क्षेत्रीय बीमा आयुक्त रांची (पूर्वी क्षेत्र) तथा क्षेत्रीय परिषद के सदस्य हरीश केडिया, डीके अग्रवाल, एलपी कटकवार शामिल थे।



- अनुबंधित निजी अस्पतालों में होगी कैशलेस रेफरल व्यवस्था

### 386 दावों को स्वीकृति

अधिकारियों ने बताया कि कोविड राहत योजना के तहत 386 बीमित व्यक्तियों के दावों को स्वीकृति दी गई तथा मार्च 2024 तक 16.21 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार उद्योगों एवं संस्थाओं के पंजीकृत बीमित व्यक्तियों को बीमारी हित लाभ, स्थायी अपंगता पर पेंशन मातृत्व अवकाश, अंत्येष्टि व्यय आदि पर वर्ष 2023-24 में 33.04 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया।

# महिला को जबरन नारी निकेतन भेजा, थाने में शिकायत



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन के विवाद में एक महिला को जबरन नारी निकेतन में दाखिल कराने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा के नेता सावित्री जगत सहित अन्य भाजपा नेता महिला को नारी निकेतन से निकाले जाने की मांग करने वहां पहुंच गए। भाजपा महिला मोर्चा की नेता सावित्री जगत के मुताबिक, लेन-देन के विवाद में महिला को जबरन नारी निकेतन में लाकर बंद कर दिया गया है। महिला का एक छोटा बच्चा भी है, जिसे मां से अलग कर दिया गया है। महिला को जबरन नारी निकेतन में लाए जाने का सावित्री जगत तथा भाजपा नेताओं ने विरोध किया है। महिला को नारी निकेतन से बाहर निकालवाने थाने भी गए और लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

# निकायों के अफसर भूले सुबह के निरीक्षण का निर्देश, साव ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सवेरे वार्ड भ्रमण कर साफ-सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा। उन्होंने भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कस्बों और छोटे शहरों की विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए। श्री साव ने शुक्रवार को वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य के सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

## नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक

### लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के विकास और वहां जन सुविधाएं विकसित करने के काम में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जवाबदेही तय कर इस तरह के कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान देते हुए शहर की बेहतरी के लिए उनकी बातों को गंभीरता से सुनने को कहा। क्षेत्रीय (संभागीय) कार्यालयों में पदस्थ अभियंताओं को सक्रियता और जिम्मेदारी से काम करने कहा। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यपालन अभियंताओं को सप्ताह में तीन दिन नगर पंचायतों का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण, भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच करने को कहा।



### सचिव ने कही ये बात

*नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी कार्यों को तत्काल शुरू करने के साथ ही प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में नगर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 580 करोड़ रुपए दिए गए हैं। डॉ. बसवराजु ने संपति कर और अन्य करों की वसूली के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालक भी मौजूद थे।*

### उभरते शहरों की जरूरत के मुताबिक हो काम

श्री साव ने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को प्रदेश के नए उभरते शहरों की अपेक्षाओं और भावी जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य करने कहा। अधिकारियों को नागरिकों से अच्छा व्यवहार और लहजा रखने को कहा। उन्होंने लोगों की समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### प्रायवेट प्रेक्टिस संविदा डाक्टरों को मिलेगा 80 प्रतिशत वेतन

**रायपुर।** नॉन प्रेक्टिस एलाउंस लेने के बाद भी प्रायवेट क्लीनिक अथवा अस्पताल में इलाज करने वाले डाक्टरों के खिलाफ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। इस बीच डीके अस्पताल प्रबंधन ने प्रायवेट प्रेक्टिस करने वाले संविदा डाक्टरों को 80 प्रतिशत वेतन की पात्रता होने का हवाला देकर एनपीए लेने अथवा नहीं लेने के इच्छुक चिकित्सकों से जानकारी मांगी है। डीके अस्पताल में काम करने वाले 90 फीसदी चिकित्सक संविदा आधार पर कार्यरत हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त किरण कौशल ने सभी मेडिकल कालेज के डीन को पत्र लिखकर एनपीए लेने और नहीं लेने वाले डाक्टरों की जानकारी मांगी है।

### संसद की दो स्थाई समितियों में बृजमोहन सदस्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को संसद की दो स्थाई समितियां में सदस्य मनोनीत किया गया है। श्री अग्रवाल पहले ही लोकसभा की सबसे महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति के सदस्य बनाए जा चुके हैं। श्री अग्रवाल को कैमिकल्स एवं फर्टिलाइजर कमेटी तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थाई समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। यह स्थाई समितियां संसद के अंदर ही गठित की गई ऐसी समितियां होती हैं, जो किसी विशेष विषय या मंत्रालय से संबंधित मामलों पर गहराई से अध्ययन करती हैं। ये समितियां सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयकों का विस्तृत अध्ययन करती हैं और उनमें सुधार के लिए सुझाव देती हैं। किसी मुद्दे पर या विधेयकों पर पक्ष और विपक्ष में होने वाले गतिरोध को दूर करने के लिए भी संसद की स्थाई समिति अपनी भूमिका अदा करती है।

### निकाली स्वच्छता रैली दिलाई सामूहिक शपथ

**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के स्वच्छ भारत मिशन शाखा स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम जोन-6 के सहयोग से महाराजबंद तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ पर महामाया मंदिर वार्ड पार्षद सरिता वर्मा के नेतृत्व एवं जोन-6 के कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली।


## रेलवे की लचर व्यवस्था से यात्री परेशान, कैंसिल-बहाली के चक्कर में उलझे

# ट्रेन रद्द समझकर हजारों यात्रियों ने कैंसिल कराए टिकट

# रेलवे ने 12 घंटे बाद फिर 16 ट्रेनों को कर दिया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे की लचर व्यवस्था से एक बार फिर यात्री बेहद परेशान हो रहे हैं। गुरुवार शाम रेलवे ने आदेश जारी किया कि बीरसिंहपुर स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने के लिए 26 ट्रेन रद्द रहेंगी। यह संदेश देखने के बाद यात्री भी घबरा गए। कई यात्रियों ने दूसरी ट्रेन में बुकिंग करावा ली है, लेकिन कन्फर्म सीट नहीं मिल पाई। इसी बीच शुक्रवार को रेलवे ने एक बार फिर 26 में 16 ट्रेनों को बहाल करने का आदेश जारी कर दिया है। अब जिन यात्रियों का कन्फर्म टिकट था, उनका टिकट ही अब वेटिंग है। 12 घंटों के भीतर कई यात्रियों ने अपना टिकट कैंसिल करा दिया था। जब फिर से टिकट खरीदने का प्रयास किया, तो कन्फर्म टिकट नहीं मिला। बहाल ट्रेनों में भोपाल, रीवा, इंदौर व दिल्ली व चिरमिरी जाने वाली प्रमुख ट्रेन है, जिसमें दशहरा को लेकर पहले से लंबी वेटिंग चल रही है। कन्फर्म टिकट के लिए यात्रियों ने महीनेभर पहले से बुकिंग कराई थी, लेकिन रेलवे की लचर व्यवस्था के कारण अब उन्हीं यात्रियों को भीड़ में धक्के खाते हुए सफर करना होगा।



### आरक्षण केंद्र में यात्रियों ने सुनाई समस्या

शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग कन्फर्म टिकट को रद्द करने के बाद फिर से टिकट खरीदने पहुंचे। इस दौरान यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों से ट्रेन रद्द करने और फिर बहाल कराने का कारण पूछा, लेकिन अधिकारी अपने जवाब से यात्रियों को संतुष्ट नहीं कर पाए। अव्यवस्था का कारण रेलवे बोर्ड को बता दिया। सफर करने यात्रियों को मजबूरन काउंटर से वेटिंग टिकट खरीदना पड़ा। रायपुर मंडल की दुर्ग-निजामुद्दीन, दुर्ग-नौतनवा, नर्मदा व भोपाल एक्सप्रेस समेत दर्जन से अधिक प्रमुख ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है, जिसमें अब वेटिंग 50 से 60 तक पहुंच गई है। टिकट कन्फर्म होने की संभावना 80 फीसदी नहीं है।

### जल्द रिफंड पाने कैंसिल करा दिया टिकट

ट्रेन रद्द होने की खबर के बाद ज्यादातर यात्री ने दूसरी ट्रेन में यात्रा की जुगत लगाने और जल्द रिफंड लेने तत्काल टिकट कैंसिल करा दिए। अब यात्रियों को तीन से चार दिन के भीतर रिफंड तो मिल जाएगा, वहीं दूसरी तरफ वेटिंग में 24 घंटे का सफर करना है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में यात्री पूछताछ केंद्र में ट्रेन रद्द होने की जानकारी लेने पहुंचे। नवरात्रि व दशहरा को लेकर इन दिनों सभी ट्रेनों में भारी भीड़ है।

### यह रद्द ट्रेन हुई बहाल

- पूर्व में रद्द 18234 बिलासपुर–इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 11 अक्टूबर' को चलेगी ।
- पूर्व में रद्द 18233 इंदौर–बिलासपुर 12 अक्टूबर' को निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 18236 बिलासपुर –भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर' अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर'को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 11265 जबलपुर–अंबिकापुर 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 11266 अंबिकापुर–जबलपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर'को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 11751 रीवा–चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 11752 चिरमिरी–रीवा पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर' को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 22867 दुर्ग–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस दिनांक 11 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 22868 निज़ामुद्दीन–दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस दिनांक 10 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 18206 नौतनवा–दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 05755 चिरमिरी–अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 05756 अनूपपुर– चिरमिरी पैसेंजर दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 06617 कटनी–चिरमिरी मेमू स्पेशल दिनांक 11 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 06618 चिरमिरी–कटनी मेमू स्पेशल दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी।

## कर्मचारियों की हड़ताल से प्रभावित हुआ टीकाकरण आज सत्र लगाने का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार सूत्रीय मांग के लिए शुक्रवार को की गई हड़ताल का असर नियमित स्वास्थ्य सेवाओं पर भी हुआ। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों का टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम प्रभावित हुआ। टीकाकरण के अभियान की गंभीरता की वजह से स्थगित सत्र को शनिवार को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल में स्वास्थ्य संयोजक सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इसकी वजह से अनेक जिलों में नियमित टीकाकरण सहित अन्य कार्य पर असर हुआ। छोटे बच्चों के साथ माता-पिता और महिलाएं स्वास्थ्य केंद्रों से निराश होकर लौटीं। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने चलाए जा रहे अभियान पर भी इसका असर होता नजर आया। विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य कर्मचारियों को घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की हिदायत दी गई है, जो शुक्रवार को पूरा नहीं हो पाया। रायपुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हड़ताल की वजह से प्रभावित टीकाकरण सत्र को शनिवार को आयोजित करने का आदेश जारी किया है। रायपुर जिले के स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों के लिए इंडोर स्टेडियम में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, सचिव प्रवीण डिडवंशी, आईटी सेल प्रभारी संतलाल साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पेज 11 के शेष

### शिविर में बने...

अकलतरा, बलराम साहू औरेठी, राजकुमार यादव कचलोन तथा समस्त संकुल प्राचार्य एवं समन्वयक तथा प्रमाण पत्र बनवाने पालकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। इसमें जाति प्रमाण पत्र 166, निवास प्रमाण पत्र 186 एवं आय प्रमाण पत्र 113 का निराकरण किया गया।

### तंबाकू गुटखा विक्रेताओ...

वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान डॉ. आरएल सिदार बीएमओ, डॉ. इंदु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी कोटपा एक्ट, डॉ. रितेश सेन, डॉ. राहुल साय, भूपेंद्र चंद्रा आरक्षक, रविंद्र सिदार दंत सहायक उपस्थित थे।

## कौशल विकास यात्रा पहुंची प्रशिक्षण केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने देशव्यापी कौशल विकास यात्रा शनिवार को आईसेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पलारी पहुंची। संस्था प्रमुख जानिकराम वर्मा, संस्था के स्टॉफ तथा विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी और आईसेक्ट कंप्यूटर केंद्र में सेमिनार का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर स्टेट समन्वयक अब्दुल मसीद द्वारा कौशल विकास एवं नई शिक्षा नीति विषय पर प्रकाश डाला एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया। 5334 फार्मूला एवं स्नातक स्तर पर बीवीओसी, एमवीओसी पर भी विस्तार से जानकारी दी।

## युवाओं ने 23 यूनिट रक्त किया डोनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश तथा सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। उक्त आयोजन जिला रेडक्रॉस समिति था, अल्ट्राटेक सीमेंट कुकरदी के तत्वावधान में किया गया। इसके तहत सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों ने अपना रक्तदान जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को किया। इस पूरे कैंप में 23 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई, जिसका उपयोग जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया की 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार में 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।



### कमल विहार में आईसीएआई की भव्य इमारत बनेगी

**रायपुर ।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष रवि ग्वालानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान श्री ग्वालानी ने सेंट्रल काउंसिल सदस्य अभय छाजेड़ के साथ मिलकर उनसे रायपुर स्थित कमल विहार में बनने वाली नई इमारत को लेकर चर्चा की। ज्ञात हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने रायपुर में कमल विहार में लगभग 76000 वर्गफीट जमीन ली है, जिसमें आने वाले समय में एक भव्य इमारत बनाई जाएगी। इस जमीन का भूमिपूजन पहले ही हो चुका है, अब नक्शा और बाकी कागजी कार्यवाही का काम जारी है। श्री ग्वालानी ने बताया कि जल्द ही नई इमारत के लिए शिलान्यास किया जाएगा और आने वाले 1-2 वर्ष में भव्य इमारत बनकर तैयार हो जाएगी। वर्तमान में इंस्टीट्यूट की रायपुर शाखा के 1800 से ज्यादा सदस्य रायपुर में हैं और 3000 से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं। अभी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में पूरे देशभर में सबसे ज्यादा सेमिनार और कार्यशाला इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा कराए जा रहे हैं।

### मोमबत्ती जलाकर दिवंगत युवाओं को दी श्रद्धांजलि




रायपुर। पूज्य सिंधी पंचायत आरएएम, न्यू राजेंद्र नगर, अमलीडीह, महावीर नगर द्वारा गत 25 सितंबर को अहमदाबाद के हिम्मतनगर में वाहन दुर्घटना में सिंधी समाज के दिवंगत 7 युवाओं के निधन पर शोक जताया और मोमबत्ती जलाकर 56 फीट झूलेलाल मूर्ति न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के सामने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूज्य सिंधी पंचायत आरएएम के मुखी गिरीश लहेजा, पार्षद अजीत कुकरेजा, वरिष्ठ समाजसेवक राजू तारवानी, प्रकाश बजाज, अनिल रूपचंदानी, जगदीश खुराना, मनोहर जेठानी, मुकेश बजाज, राजकुमार पंजवानी, अशोक दुलानी, विक्की वाधवानी, दुलीचंद कोटवानी, अनिल लालवानी समेत सिंधी पंचायत आरएएम के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, युवा विंग, महिला विंग, समाजजनों, छोटे बच्चों एवं अनेक नागरिकों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बच्चों के विकास में बाधक है बुलिंग



**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बुलिंग की जानकारी देते हुए शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा ने बच्चों को बताया गया कि किसी को डराना, धमकाना, चिढ़ाना, गलत नाम लेकर पुकारना या किसी की कोई वस्तु बिना अनुमति उठा लेना बुलिंग कहलाता है। बुलिंग से बच्चों को शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक परेशानी होती है, जो बच्चों के विकास में बाधक होता है। बुलिंग से स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास पर गहरा प्रभाव पढ़ने के साथ–साथ आत्मविश्वास में कमी और डर पैदा होता है। इस स्थिति में बच्चों को शिक्षक से मदद लेना चाहिए।

### बच्ची से रेप, आरोपी को आजीवन कारावास

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मोहन कहार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमल तांडी के मुताबिक, वर्ष 2019 में 25-26 अगस्त की दरमियानी रात बच्ची अपने पड़ोसी के यहां सोने के लिए गई थी। इस दौरान मोहन ने बच्ची के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया, साथ ही घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agrasencollege@ymail.com

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आस्था ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा



**खरोरा।** दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के ग्राम भड़हा के किसान परिवार की बेटी आस्था साहू ने इस वर्ष नीट परीक्षा में ओवरआल 14588 रैंक प्राप्त किया है। उन्हें जे.एन. स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज मेकाहारा, रायपुर में एडमिशन मिलेगा। नरेंद्र साहू और चम्पेश्वरी साहू की बेटी आस्था साहू की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं और आर्थिक दिक्कतों के बावजूद अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

### ज्योति कलश स्थापना की तैयारी शुरू

**हिरमी-रावन।** तीन अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली क्वांर नवरात्रि पर्व पर ग्राम भालूकोना चितावर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जावेगी। समिति के अध्यक्ष दीनबंधु यादव, पुजारी रामप्रसाद वर्मा ने बताया कि मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के लिए 701 रुपया तेल एवं धृत के लिए 1001 रूपये की सहयोग राशि ली जा रही है। इसके अलावा 7 अक्टूबर को नंदन मानस परिवार द्वारा रामायण एवं कान्हा मानस परिवार द्वारा रामायण का कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही जय सिद्धेश्वर मानस मंडली देवर तिल्दा का आयोजन 11 सितंबर को होगा।

### 26 हजार से अधिक आरटीआई द्वितीय अपील के आवेदन लंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति न होने व पर्याप्त संख्या में सूचना आयुक्तों के न होने कारण, द्वितीय अपील के लगभग 26 हजार आवेदन लंबित हो गए हैं। मुख्य सूचना आयुक्त की हो नियुक्ति : श्री ठाकुर ने राज्य सरकार पर सूचना का अधिकार समाप्त करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है, कि छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त का पद लंबे अरसे से रिक्त हैं । मात्र दो सेवानिवृत नौकरशाहो को सूचना आयुक्त बना दिया गया है जबकि सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के साथ दो और सूचना आयुक्त नियुक्त किये जा सकते है । श्री ठाकुर ने प्रदेश के राज्यपाल से इस मामले को संज्ञान में लेने की अपील करते हुए कहा है कि राज्य सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त कि नियुक्ति के लिए निर्देशित

### 62 मवेशी पकड़े पहुंचाया गोठान



**रायपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में नगर निगम के सभी जोन अमले ने सड़क पर घूम रहे मवेशियों को काऊकैचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से धरपकड़ करने अभियान चलाया। शुक्रवार को जोन-1 ने 7, जोन-2 टीम ने 4, जोन-3 टीम ने 2 मवेशियों को पकड़कर गोठान में छोड़ा। जोन-4 ने 3, जोन 5 ने 4, जोन 6 की टीम ने 1 मवेशी की धरपकड़ की। जोन-7 ने 7, जोन-8 ने 17, जोन-9 ने 7, जोन-10 ने 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। कुल 62 मवेशियों की धरपकड़ कर उन्हें गोठान पहुंचाया। करें।

### निधन

**बीएल जायसवाल**



**पलारी।** ग्राम केशला निवासी बीएल जायसवाल 75 का शनिवार को निधन हो गया है। वह लंबे समय से पलारी में व्यवस्थापक पद पर थे। उनका केशला के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। वे शिक्षक प्रदीप जयसवाल के पिता थे।

# जिले के राजस्व विभाग में ऑनलाइन रिकॉर्ड 99.9 प्रतिशत दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व के कामों में पटवारियों की अहम भूमिका होती है। खेती–बाड़ी से लेकर उपज का लेखा जोखा और जमीन का सीमांकन, विरासत, हैसियत प्रमाण–पत्र, जाति, आय, निवास, आपदा प्रमाण–पत्र बनाने जैसे अनेक काम इनके जिम्मे होते हैं। पटवारियों के जिम्मे बहुत से शासन के काम होते हैं जिस कारण कई गावों में कार्यालय में नहीं रहने की शिकायत प्राप्त होती है।

उन्हीं से निदान हेतु गांव किसानों को भटकने ना पड़े इसके लिए कुछ पटवारी व्हाटसएप ग्रुप बनाकर आमजनों को अपनी उपस्थिति की जानकारी मुहैया कराते हैं। कसडोल तहसील अंतर्गत सर्वा हल्का के पटवारी देवेश देवांगन ने अपने हल्का नंबर में आने वाले गांव (बैजनाथ) के लोगों का व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है। जिसमें वे लोगों को पल–पल का अपडेट देते रहते हैं। किसान भी अपने काम की जानकारी व्हाटएप्स पर देते हैं। इसी प्लेटफार्म पर उनकी समस्याओं का हल भी हो जाती है। इतना ही नहीं, पटवारी रिकॉर्ड ऑनलाइन होने के मामले में भी यह हल्का सबसे आगे है। यहां का ऑनलाइन रिकॉर्ड भी 99.9 प्रतिशत दुरुस्त हो गया है। यानि लोग घर बैठे ही ऑनलाइन बी-1, नक्शा, खसरा, आधार लिंक से लेकर फसल वृद्धि की जानकारी देख सकते हैं।

## व्हाटसएप ग्रुप बनाकर पटवारी दे रहे किसानों को पल–पल की जानकारी







### कलेक्टर ने की पटवारियों के कार्य की प्रशंसा

इसके साथ ही इनके द्वारा प्रतिदिन गिरदावरी की जानकारी सहित कार्यालय में बैठने की सूचना भी देते हैं। उक्त यह कार्य 3 सालों से जारी है। इसी तरह सिमगा तहसील के अंतर्गत ग्राम चौरेंगा हल्का के पटवारी एम डी कोसले भी इस तरह कार्य कर रहे हैं। यहां भी सभी रिकॉर्ड लगभग ऑनलाइन हो चुका है। कलेक्टर दीपक सोनी ने इन पटवारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए बाकी सभी पटवारियों ऐसे नवाचारी तकनीकी का इस्तेमाल करने कहा है, ताकि लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके।

## समस्या : सिरपुर-बया सड़क में रोजाना हो रहा हादसा

# गड्ढों में तब्दील सड़कें बनी जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल


हरिभूमि ने पूर्व में कसडोल नगर की जर्जर सड़क की खबरें प्रकाशित किया था, जिसके बाद अगले दिवस विभाग ने खानापूर्ति कर जगह-जगह गड्ढों को भरने के साथ बजरी डाला था, लेकिन यह शहर की मुख्य सड़क आज भी बद से बत्तर है। नगर में वनांचल या अन्य शहरों से लोग आने पर यहां सड़क की माली हालत देखकर लोक निर्माण विभाग सहित यहां के नेताओं को कोशने में कोई कसर नहीं छोड़ते, लेकिन यहां नेता केवल नाम के रह गये हैं, तभी तो इन्हें ये जानलेवा गड्ढों से कोई सरोकार नहीं है। आपको बता दे कि नगर के गुरुघासीदास चौक से हड़हाचौक तक जगह- जगह जानलेवा गड्ढे हैं, साथ ही सड़क जर्जर है, जिसके कारण उक्त मार्गों पर लोग चलने से कतराते हैं।

थरगांव, कुशगढ़, भानपुर, सोनपुर के बीच सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे व कीचड़ युक्त मार्ग होने से स्कूली बच्चे, कर्मचारियों, किसान और ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भानपुर से लगभग 25-30 छात्र-छात्राएं हायर सेकंडरी स्कूल बरपानी अध्ययन करने जाते हैं। इसी बीच दहियांन के पास बड़े-बड़े गड्ढे व कीचड़ होने के कारण दुर्घटना होने की डर बना रहता है। ग्रामीण इस सड़क की मरमत कराने की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन पूर्वती शासन में इसे नवीनीकरण मरम्मत करने की स्वीकृति भी मिला थी, लेकिन शासन बदलते ही यह ठंडे बस्ते में चला गया है।







**मरम्मत कार्य चल रहा**

महराजी से बया तक रिपेयरिंग चल रहा है, कसडोल नगर सहित सिरपुर और पिथौरा मार्ग की सड़क की रिपेयरिंग का कार्य प्रोसेसिंग में है।
-**प्रमोद गुप्ता**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग कसडोल

**जल्द सुधारी जाए सड़क**

भाजपा की सरकार में उनके कर्मचारी बेलगाम है, कसडोल नगर की सड़क जर्जर है। बया और सिरपुर मार्ग पर जानलेवा गड्ढे है। अगर जल्द ही पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क को सुधारा नहीं गया तो कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया जायेगा।
-**दयाराम वर्मा**, कार्यकारी अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कसडोल

**सड़क बनाने मिली है स्वीकृति**

सड़क के लिए करोडो की स्वीकृति मिल चुकी है, अभी बरसात है, इसलिए सड़क की रिपेयरिंग की जा रही है, नवम्बर-दिसंबर से नई सड़क का निर्माण प्रारंभ हो जायेगा।
-**मेलाराम साहू**, मंडल अध्यक्ष, भाजपा कसडोल

### गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग जर्जर

विकासखंड के गिधौरी बस स्टैंड से शिवरीनारायण मार्ग में महानदी पुल तक करीब दो सौ मीटर सड़क की हालत बद से बदतर है, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढों में घुटनों तक पानी भरे होने से रोजाना मोटर साइकिल वाले गिर कर चोटिल होते हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण नगर के अलावा मुख्य मार्ग से गांवों तक के अधिकांश मार्ग जर्जर है, जिसके कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। एक ओर कसडोल शहर के गौरव पथ, यूको बैंक के पास से कर्मा माता चौक तक मार्ग जर्जर हो चुका है। वहीं कसडोल से पिथौरा मार्ग, कसडोल से सिरपुर मार्ग सहित अंचल के अधिकांश छोटी बड़ी सड़कें जर्जर हो गई है, इसमें सबसे ज्यादा गिधौरी बस स्टैड से शिवरीनारायण जाने वाली सड़क व महानदी तक मार्ग की हालत बदतर है। गिधौरी निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी खगेंद्र नाथ साहू, अनिल प्रधान, सगरू कर्ष रामेश्वर साहू, भरत साहू, ओम श्रीवास, अमित साहू सहित गिधौरी के लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर रोजाना कई मोटर साइकिल वाले गिर कर चोटिल हो रहे हैं।

# असनिन्द में बना सीसी रोड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम असनिन्द में सीसी सड़क का निर्माण सभापति नवीन मिश्रा ने विकास निधि से कराया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को कीचड़ से छुटकारा मिलेगा।



विकासखंड के समीप ग्राम पंचायत असनिंद में ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा ने जिला पंचायत विकास निधि मद से सार्वजनिक शौचालय से महिला घाट तक 4 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य व उक्त पंचायत के वार्ड 3 कुर्राहा में 2 लाख 28 हजार की लागत से सीसी रोड़ का निर्माण कार्य पंचायत एजेंसी में कराया। सीसी रोड के निर्माण से ग्रामीणों को अब कीचड़ भरी राह से छुटकारा मिला है। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने सभापति मिश्रा के प्रति आभार जताया है।

# मुस्लिम समाज के युवकों ने लिया स्वच्छता अभियान में हिस्सा



**हथबंद।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत मुस्लिम समाज के युवकों ने समाज के संरक्षक मुबारक हुसैन के नेतृत्व में जामा मस्जिद हथबंद और मुस्लिम कब्रिस्तान धोधा, हथबंद की साफ सफाई की। स्वच्छता अभियान में इनायत खान, मुबारक हुसैन, रसीद खान, ताज खान अनवर खान मुकीम खान डा इकबाल हुसैन शमीम खान इब्राहिम खान, मुकीम अहमद, हकीम खान, अयफाज सलमान रिजवान वकील, यासीन अली, मोहसिन खान, अमीज खान उपस्थित थे।

### निधि आपके निकट कार्यक्रम में प्रदान किए पीपीओ

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ द्वारा शुक्रवार को ईएसआईसी कार्यालय रायपुर में निधि आपके निकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों के साथ संवाद को मजबूत करना और शिकायत निवारण तंत्र को बेहतर बनाना था। नियोक्ता, कर्मचारी, पेंशनभोगी और अन्य हितधारकों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान वी. रंगनाथ अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, एडिशनल सीपीएफसी अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आरपीएफसी, महेंद्र एच. मेश्राम क्षेत्र प्रवर्तन अधिकारी और ईएसआईसीए रायपुर कार्यालय के रीजनल डायरेक्टर महेंद्र भोई की उपस्थिति रही।

# छात्रों ने निकाली नशामुक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब, भारत माता वाहनी, गायत्री शक्ति पीठ परिक्षेत्र हथबद में संयुक्त रूप से नशामुक्ति और स्वच्छता अभियान के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश त्रिवेदी द्वारा गांव के गलियों में जाकर आम नागरिकों को नशा नहीं करने जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने शराब के खिलाफ क्रांति छेड़ने से शांति आने की बात कही। शाला प्रबंधन हथबंद की अध्यक्ष एवं भारत माता वाहनी की विद्या वर्मा ने नशा से हो रहे सामाजिक, आर्थिक, पतन पर प्रकाश डालते हुए युवा विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने की अपील की। रैली प्रभारी चांदनी वर्मा ने रैली को सफल बनाने के लिए इको क्लब, एनएसएस, भारत भाता वाहिनी, गायत्री पीठ के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के साठ, इको क्लब के तीस सदस्यों सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।




### पितरों की याद में भारत माता वाहिनी ने बच्चों को परोसा न्योता भोज



**हथबंद।** भारत माता वाहिनी समूह द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला हथबंद में न्योता भोज का आयोजन रख बच्चों पौष्टिक भोजन परोसा गया। इसमें शाला शिक्षक शाला, शाला विकास समिति की अध्यक्ष विद्या वर्मा, पंचायत सचिव कमल किशोर साहू, रोजगार सहायक कामिनी निषाद, पंच सविता गायकवाड़, पंच ललिता जोगी, तारिणी ध्रुव, सरेस लहरे, प्रकाश पाल, मूलचंद यादव, सविता आदि उपस्थित थे।

# सावित्री बाई फुले शिक्षा सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक लोकनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्राथमिक शाला खुरसुला में पदस्थ सहायक शिक्षक लोकनाथ ताण्डेय को शिक्षा, कला व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सावित्रीबाई फुले शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया है। शिक्षा व साहित्य के लिए समर्पित शिक्षक लोकनाथ ताण्डेय को प्राईड आफ नेशन अवार्ड, भारतमाता अभिनंदन सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, शिकसा दूत, काव्य कलश रत्न, साहित्य शिल्पी सम्मान, पर्यावरण संरक्षक सम्मान केबी राइटर्स सम्मान सहित विभिन्न संस्थाओं से 100 से अधिक सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल तथा अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधायक, निधि चंद्राकर अध्यक्ष उड़ान नई दिशा छत्तीसगढ़, जीआर ज्वाला बंजारे, अध्यक्ष भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के आतिथ्य में संरक्षक परसराम साहू, संस्थापक संजय मैथिल, प्रांताध्यक्ष मीना भारद्वाज के संयोजन में कार्यक्रम संचालित हुआ। उनकी इस उपलब्धि पर संकुल के समस्त शिक्षकगण, मित्र एवं परिवारजनों ने बधाई दी।




## फागिंग मशीन से मच्छर नाशक का छिड़काव किया और घास काटी

# छात्रों ने की स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रावन हायर सेकंडरी, माध्यमिक एवं प्रायमरी स्कूल के संयुक्त प्रागंण में जनसहभागिता से वृहद स्तर पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में शासकीय स्कूल के प्राध्यापक, समस्त शिक्षकगण, शाला एवं स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत भारत माता वाहिनी समिति, शाला के विद्यार्थी एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन से सी एस आर एवं माइंस टीम के पदाधिकारी उपस्थित थें।



स्कूल प्रागंण की साफ सफाई के अलावा फोगींग मशीन से मच्छर दवा तथा घास कटिंग मशीन से समस्त घास झाड़ियों को साफ किया गया। स्कूल प्रागंण के सफाई के साथ साथ एक शपथ समारोह का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी भागीदारों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य योगेन्द्र वर्मा, माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य कल्याणी वर्मा, प्राथमिक स्कूल प्राचार्य मोंगरा वर्मा, शिक्षकगण भगवान दास, सुधा वर्मा के साथ 400 विद्यार्थीगण, ग्राम पंचायत सरपंच माधुरी वर्मा तथा भारत माता वाहिनी के सदस्य डागेश्वरी वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा, शीला विश्वास तथा सुनिता वर्मा एवं शाला समिति के पदाधिकारी कुलेश्वर वर्मा, संयंत्र प्रबंधन से माइंस डी–एच रमेश कुमार नकुम, एसएच कमलेश चंद्राकर एवं दिनेश दत्त, आदित्य महंत, साकची, हर्ष तथा सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, धनेश्वरी साहू, साहिल पैकरा, अरुणेन्द्र सिंह एवं ताराचंद वर्मा उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411